**भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर(2026-27)**

| | | |
|---|---|---|
| **कक्षा-दसवीं** | **विभाग: हिंदी** | **Date - 09-08-26** |
| **STUDY MATERIAL-8** | व्याकरण - पदबंध | **Note: Pl. file in portfolio** |

**नाम: ____________________ अनुभाग: _____ अनुक्रमांक: _____ दिनांक: _____________**

# पदबंध

(PHRASE)

**परिभाषा**-जब एक से अधिक पद मिलकर एक व्याकरणिक इकाई का काम करते हैं, तब उस बँधी हुई इकाई को 'पदबंध' कहते हैं। जैसे-

सामने के मकान में रहने वाला लड़का आज चला गया।

यहाँ **'सामने के मकान में रहने वाला लड़का'** पद मिलकर कर्ता कारक का कार्य संपन्न कर रहे हैं। अतः यह एक पदबंध है।

**शीर्ष पद और आश्रित पद** - पदबंध में एक पद शीर्ष पद होता है। वह अन्य पदों का आधार होता है। शेष पद उस पर आश्रित होते हैं। जैसे- 'सामने के मकान में रहने वाला **लड़का'** में 'लड़का' शीर्ष-पद है। 'सामने के मकान में रहने वाला' 'लड़का' पर आश्रित है।

**पदबंध के भेद (Kinds of Phrase)**

1.संज्ञा पदबंध

2.सर्वनाम पदबंध

3.विशेषण पदबंध

4.क्रिया पदबंध

5.क्रिया-विशेषण पदबंध

**1.संज्ञा पदबंध (Noun Phrase)**

जो पदबंध वाक्य में संज्ञा पद के स्थान पर आता है, उसे 'संज्ञा पदबंध' कहते हैं। इसका अर्थ यह है कि 'संज्ञा पदबंध' वाक्य में वही प्रकार्य करेगा, जो प्रकार्य किसी एक 'संज्ञा पद' के द्वारा किया जाता है।

उदाहरण:- **निरंतर बहता जल** पवित्र होता है।

**पाकिस्तान से आए हुए लोग** लुधियाना गए हैं।

**लोहे की बड़ी अलमारी से** मेरा कोट निकाल लाओ।

(**CLUE**-The last word of the underlined part is 'संज्ञा'('जल', 'लोग', 'अलमारी'), so it is संज्ञा पदबंध )

**2.सर्वनाम पदबंध (Pronoun Phrase)**

वाक्य में सर्वनाम-पद का कार्य करने वाले पदबंध 'सर्वनाम पदबंध' कहलाते हैं।

जैसे -**लगन से काम करने वाला मैं** असफल नहीं हो सकता ।

**शेर की तरह दहाड़ने वाले तुम** काँप क्यों रहे हो ?

**मेले में घूमते हुए हमने** बहुत-सी अच्छी-अच्छी बातें सीखीं ।

(**CLUE**-The last word of the underlined part is 'सर्वनाम'-'मैं', 'तुम', 'हमने', so it is सर्वनाम पदबंध)

**3.विशेषण पदबंध (Adjective Phrase)**

जो पदबंध संज्ञा या सर्वनाम के विशेषण के रूप में प्रयुक्त होते हैं उन्हें, 'विशेषण पदबंध' कहा जाता है । जैसे :- **सस्ता खरीदा हुआ** कपड़ा अधिक दिन नहीं चलता ।

**सोच-समझकर काम करने वाला** वह गलती नहीं करेगा ।

**प्यास का मारा** कौआ घड़े पर बैठ गया ।

(**CLUE**-The Phrase (mostly) comes before the Noun/Pronoun and it describes the Noun/Pronoun.)

**4.क्रिया पदबंध (Verb Phrase)**

एक से अधिक क्रिया-पद मिलकर जहाँ क्रिया का कार्य संपन्न करते हैं, वहाँ क्रिया पदबंध होता है ।उदाहरणतः- उन्हें सब कुछ **सुनाई पड़ रहा है** । यहाँ 'सुनाई पड़ रहा है' पदबंध क्रिया-पद का कार्य कर रहा है ।अतः क्रिया पदबंध है ।

जैसे - नाव पानी में **डूबती चली गई ।**

रेखा हर समय झाड़ू **लगाती रहती है ।**

उसने मोहन को पत्र **लिख दिया है ।**

(**CLUE**-The Phrase mostly comes at the last part of the sentence)

**5.क्रियाविशेषण पदबंध/अव्यय पदबंध (Adverb Phrase/Indeclinable Phrase)**

क्रियाविशेषण की जगह प्रयुक्त होने वाले एकाधिक पदों का समूह क्रियाविशेषण पद कहलाता है ।

जैसे -रोहन **बहुत धीरे-धीरे** बोलता है । यहाँ 'बहुत धीरे-धीरे' क्रियाविशेषण पदबंध है, क्योंकि यह 'बोलना' क्रिया की विशेषता बता रहा है ।

अन्य उदाहरण - आजकल बच्चे **गाना सुनते-सुनते** पढ़ाई करते हैं।

उस गायक ने **पहले से बहुत अच्छा** गाया ।

वह **प्रतिदिन की तरह** सैर कर रहा है ।

(**CLUE**-The Phrase mostly comes in the middle of the sentence)